W : www.vsajaipur.com | E : vsajaipur@gmail.com M. : +91 9460356652, 8058999828
Add. : 84, Krishna Vihar, Behind Narayan Niwas, Gopalpura Bypass, Jaipur - 302015
/vsajaipur | /vsajaipur | /vidyashreeacademy | /vsa_jaipur


**subject - Hindi.** **Lesson -1 हम भारत के भरत** **class – 5th**

## सोचें और बताएँ

1. भरत किससे खेलते थे?
उत्तर– भरत शेर के बच्चों के साथ खेलते थे।
2. पुरखों की सौगात क्या है?
उत्तर– पुरखों की सौगात साहस और वीरता है।
3. हमें जान से प्यारी क्या है?
उत्तर– हमें जान से प्यारी भारत माता है।

## लिखें

1. सही उत्तर के शब्द का क्रमाक्षर छाँटकर कोष्ठक में लिखें।

(क) सौगात का अर्थ होता है–

(अ) सोगरा (ब) सागर
(स) उपहार (द) सौगंध ( स )

(ख) एक वर्ष में महीनों की संख्या होती है–

(अ) दस (ब) सात
(स) बारह (द) नौ ( स )

उत्तर–(क)-(स) (ख)-(स)

2. इस कविता में से वे पंक्तियाँ छाँटकर लिखो, जिनका अर्थ है–

(अ) चिंनगारियाँ ज्वालाओं से कम नहीं हैं।
(ब) हमारे काम इतिहास का हिस्सा बनते रहे हैं।
(स) हम धरती को माँ समान प्यार करते हैं।
(द) कठिन परीक्षा में मेहनत करने की आवश्यकता है।

उत्तर– (अ) बड़ी-बड़ी ज्वालाओं से कम, नहीं यहाँ चिनगारियाँ।
(ब) सदियों से बनते आए हैं, हम पन्ने इतिहास के।
(स) यह धरती जो माँ है अपनी, हमें जान से प्यारी है।
(द) बोलो-मेहनत खूब करेंगे, कठिन परीक्षा आई है।

3. हमारे लिए सबसे अधिक गर्व की क्या बात है?
उत्तर– हिंदुस्तान की मिट्टी में जन्म लेना सबसे अधिक गर्व की बात है।
4. फुलवारियों से हमें क्या-क्या मिलता है?
उत्तर– फुलवारियों से हमें पहले काँटे और बाद में फूल मिलते हैं।
5. कविता में हमारे कौन-से व्रतों की बात कही गई है?
उत्तर– कविता में हमारे त्याग और बलिदान आदि व्रतों की बात कही गई है।
6. बालकों की क्या जिम्मेदारी है?
उत्तर– मातृभूमि की सावधानी के साथ रखवाली करना बालकों की जिम्मेदारी है।